**लापरवाही** | सख्ती के दावों के उलट जमीनी हकीकत, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं, फल-फूल रहा अवैध कारोबार

# सड़कों पर खुलेआम दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

**अनूपपुर नवभारत 1 फरवरी।** जिले में यातायात नियमों के पालन और अपराध नियंत्रण को लेकर प्रशासनिक सख्ती के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात इन दावों से मेल नहीं खाते। जब से विनोद दुबे की पदस्थापना हुई है, तब से व्यवस्था के ढांचे पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जांच और निगरानी कमजोर पड़ती दिख रही है, वहीं दुर्घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि देखी जा रही है।

अमरकंटक में हाल ही में हुई दर्दनाक दुर्घटना ने प्रशासनिक के दावों की पोल खोल दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक युवक रोड डिवाइडर से टकराने के बाद लंबे समय तक तड़पता रहा, समय पर प्रभावी सहायता और ट्रैफिक प्रबंधन के अभाव में अंततः उसकी मौत हो गई। यह घटना न केवल यातायात प्रबंधन की





विफलता को दर्शाती है, बल्कि आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की भी गंभीर कमजोरी उजागर करती है।

### अवैध गतिविधियों को किया जा रहा नजरअंदाज

कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल यहीं समाप्त नहीं होते, जैतहरी क्षेत्र में एसटीएफ जबलपुर द्वारा 6 क्विंटल गांजा पकड़े जाने की बड़ी कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर निगरानी और खुफिया तंत्र की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यदि इतनी बड़ी खेप बाहरी एजेंसी द्वारा पकड़ी जाती है,



तो यह संकेत करता है कि स्थानीय स्तर पर अवैध गतिविधियां या तो नजरअंदाज हो रही हैं या प्रभावी नियंत्रण में नहीं हैं।

### संगठित नेटवर्क हैं सक्रिय

रामपुर खड़ा, बदरा और कोयलांचल क्षेत्र में अवैध गांजा कारोबार के फलने-फूलने की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इन इलाकों में संगठित नेटवर्क सक्रिय हैं, जिनके तार विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बताए जाते हैं इसके बावजूद ठोस और निरंतर कार्रवाई का अभाव साफ नजर आता है।

### सरकारी आंकड़े और वास्तविक स्थिति में अंतर

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा सड़क सुरक्षा, जागरूकता और अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों को आमजन सराहनीय मानता है। हालांकि, उनके अधीनस्थ अमले की कार्यशैली और जमीनी क्रियान्वयन उन प्रयासों पर पानी फेरते प्रतीत हो रहे हैं। नतीजतन सख्ती के सरकारी आंकड़े और वास्तविक स्थिति के बीच खाई बढ़ती जा रही है।

# गेहूं-चना की फसलों को पहुंचाया भारी नुकसान

**तीन हाथियों का झुंड दो हिस्सों में बंटा, वन विभाग की चिंता बढ़ी**

**अनूपपुर, नवभारत 1 फरवरी।** जिले में हाथियों की आवाजाही से एक बार फिर दहशत का माहौल बन गया है। जैतहरी जंगल से करीब एक सप्ताह पहले पोड़ी बीट में पहुंचे तीन हाथियों का झुंड अब दो अलग-अलग हिस्सों में बंट गया है। हाथियों के इस तरह अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण करने से वन विभाग की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि वे लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

रविवार सुबह हाथियों की मौजूदगी जैतहरी वन परिक्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में दर्ज की गई, जो ग्राम पंचायत केवटार और कुशमहाई गांव से सटा हुआ है। हाथियों की लगातार गतिविधियों के कारण ग्रामीणों में भय व्याप्त है और वे रात-रात भर जागकर अपने गांव और फसलों की सुरक्षा कर रहे हैं।



### एक हाथी मैरटोला क्षेत्र में कर रहा विचरण

जानकारी के अनुसार, तीन हाथियों के इस समूह में से एक दांत वाला हाथी शनिवार रात पोड़ी के जंगल में ही रुका और सड़क पार कर भोलगढ़ क्षेत्र के किसानों के खेतों में पहुंच गया, जहां उसने गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद वह मैरटोला क्षेत्र की ओर विचरण करता देखा गया। वहीं, अन्य दो हाथी शनिवार देर रात छुलहा अमगवां के नवाटोला पहुंचे, जहां रमेश राठौर के खेत में लगी चना और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया।

### वन विभाग ने जनहानि की आशंका जताई

हाथियों के दो हिस्सों में बंटने के बाद वन विभाग ने दोनों समूहों पर अलग-अलग निगरानी के लिए अमला तैनात कर दिया है। साथ ही, ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना प्रसारित कर सतर्क रहने की अपील की जा रही है। वन अधिकारियों का कहना है कि रात के समय हाथी जंगल के रास्तों से कभी भी गांवों की ओर आ सकते हैं, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है।

# युवती से छेड़छाड़ का फरार आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर, नवभारत 1 फरवरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र की 20 वर्षीय नवयुवती से छेड़छाड़ एवं मारपीट के मामले में फरार आरोपी को आंध्रप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10.30 बजे वह आईटीआई कॉलेज अनूपपुर पढ़ने जा रही थी। इसी दौरान तिपान नदी के पास ग्राम पोड़ी निवासी आरोपी अंकित कोल ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट भी की। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा मामला दर्ज किया गया। घटना के बाद से ही आरोपी अपने घर व गांव से फरार हो गया था।

### आरोपी टाइल्स फैक्ट्री में कर रहा था काम

कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की। पुलिस टीम ने फरार आरोपी अंकित कोल को आंध्रप्रदेश के प्रकाशम जिले अंतर्गत थाना बल्लीकुरवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया। बताया गया है कि आरोपी प्रकाशम जिले की एक टाइल्स फैक्ट्री में काम कर फरारी काट रहा था। कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर आंध्रप्रदेश से अनूपपुर लेकर आई है, जहां उससे आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध हथियार के साथ आरोपी को दबोचा

**अनूपपुर, नवभारत।** ऑपरेशन प्रहार के तहत करनपठार पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की है। आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू के कब्जे से अवैध रूप से लोहे की गुप्ती (चाकू) अपराध करने की नीयत से रखे पाए जाने पर विधिसंगत कार्रवाई की गई। सरई पुलिस द्वारा देहात भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सरई के अहिरगवां चौराहा के पास एक व्यक्ति हाथ में लोहे की गुप्ती लेकर घूम रहा है, जिससे आने-जाने वाले लोग भयभीत हैं। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने अहिरगवां चौराहा पर दबिश दी गई। जहां आरोपी से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम जितेन्द्र सिंह उर्फ जित्तू बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास लोहे की गुप्ती पाई गई।

# एसईसीएल मुख्यालय की टीम बनी विजेता

**अंतर क्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन**

**राजनगर, नवभारत 1 फरवरी।** हसदेव क्षेत्र की मेजबानी में अंतर क्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का सफल आयोजन मधुबन क्लब, राजनगर में किया गया। प्रतियोगिता का समापन एसईसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधक दुर्गा प्रसाद शामल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक अजय कुमार बिश्नोई ने की।

प्रतियोगिता 27 जनवरी से प्रारंभ होकर 30 जनवरी तक आयोजित की गई, जिसमें एसईसीएल के 17 क्षेत्रों से कुल 112 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पाँच



विभिन्न इवेंट्स में कुल 132 मैच खेले गए। रोमांचक मुकाबलों के बाद एसईसीएल मुख्यालय की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि कोरबा क्षेत्र की टीम उपविजेता रही।

### खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : शामल

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दुर्गा प्रसाद शामल ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि कार्यक्षमता में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि कार्य के साथ-साथ खेलों को भी जीवन का आवश्यक हिस्सा मानना चाहिए।

इसके पश्चात अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों, निर्णायक मंडल तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

## एक नजर में



### महात्मा गांधी को मजदूर कांग्रेस ने किया याद


**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर 30 जनवरी को साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के अहिंसा, सत्य और एकता के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए उन्हें आज भी प्रासंगिक बताया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष कुमार झा ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों के समर्थक आज भी पूरी दुनिया में हैं। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष एवं सीआईसी प्रभारी लक्ष्मण राव ने अपने संबोधन में कहा कि किसी व्यक्ति या विचारधारा से असहमति के नाम पर जघन्य अपराध जैसे हत्या को भारत की जनता कभी स्वीकार नहीं कर सकती। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

### सामतपुर में महाशिवरात्रि महोत्सव 15 को



**अनूपपुर, नवभारत।** महाकाल दरबार सेवा समिति एवं शिव मारुति सेवा समिति सामतपुर के संयुक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि महोत्सव 2026 का आयोजन इस वर्ष तृतीय वर्ष के रूप में श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी रविवार को शिव मारुति मंदिर, सामतपुर में यह ऐतिहासिक एवं दिव्य धार्मिक आयोजन संपन्न होगा। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महोत्सव के दौरान दिनभर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में शिवभक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल विशेष रुद्राभिषेक एवं वैदिक विधि-विधान से संपन्न पूजन के साथ किया जाएगा। इसके उपरांत उज्जैन के अघोरी संतों के अखाड़े का विशेष सान्निध्य एवं दर्शन श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेगा।

### सराफा व्यवसायी गुरुचरण दास सोनी का निधन



**कोतमा नवभारत 1 फरवरी।** नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ सराफा व्यवसायी गुरुचरण दास सोनी का 84 वर्ष की आयु में शनिवार रात्रि लगभग 8 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे नगर और व्यापारिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार को वार्ड 4 स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र संजय सराफ ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# हमारा लक्ष्य हैं पार्टनर्स को मजबूत बनाना : तिवारी

**जेके सीमेंट की शीतकालीन योजना में ठेकेदारों को मिले आकर्षक पुरस्कार**

**अनूपपुर, नवभारत 1 फरवरी।** जिले में जेके सीमेंट द्वारा चलाई गई शीतकालीन प्रोत्साहन योजना का समापन रविवार को भव्य समारोह के साथ किया गया। सितंबर से दिसंबर 2025 तक चली इस योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों को नकद पुरस्कार, उपहार और सम्मान प्रदान किए गए।

इस योजना का उद्देश्य स्थानीय ठेकेदारों को प्रोत्साहित करना और निर्माण कार्यों में जेके सीमेंट के उत्पादों के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देना था। निर्धारित अवधि में अधिक सीमेंट उपयोग करने वाले ठेकेदारों को उनके प्रदर्शन के अनुसार पुरस्कृत किया गया।

जितना अधिक सीमेंट उपयोग किया उतना ही बड़ा पुरस्कार दिया कार्यक्रम को संबोधित करते




हुए जेके सीमेंट के रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव आकाश सिंह तिवारी ने कहा कि यह स्कीम ठेकेदारों की मेहनत और कंपनी के प्रति उनके विश्वास को सम्मान देने के लिए शुरू की गई थी। जितना अधिक सीमेंट उन्होंने अपनी साइट्स पर उपयोग किया, उतना ही बड़ा पुरस्कार उन्हें मिला। हमारा लक्ष्य हमेशा अपने पार्टनर्स को मजबूत बनाना रहा है।

### तीन ठेकेदारों को सम्मानित किया गया

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिले के तीन शीर्ष ठेकेदारों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार ठाकुर दिन लल्लू राठौड़ को अधिकतम सीमेंट उपयोग और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार मोहम्मद रिहान को उनकी साइट्स पर जेके उत्पादों के प्रभावी उपयोग के लिए मिला। तृतीय पुरस्कार प्यारेलाल जयसवाल को निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## हिंदू सम्मेलन में दिखी राष्ट्रभक्ति की झलक

**बिजुरी, नवभारत 1 फरवरी।** नगर के सब्जी मंडी ग्राउंड में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन के माध्यम से बिजुरी में सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। ढोल-ताशों की गूंज, भगवा ध्वजों की शान और भारत माता के जयकारों के बीच आयोजित इस सम्मेलन में भारी जनसमूह उमड़ा।

कार्यक्रम ने सर्वसमाज की एकजुटता और देशभक्ति का सशक्त संदेश दिया। सम्मेलन की शुरुआत नगर में निकाली गई भव्य रैली से हुई। भारत माता की तस्वीर के साथ निकली इस शोभायात्रा में मातृशक्ति, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। पूरे नगर में भगवामय वातावरण दिखाई दिया और गगनभेदी नारों से माहौल राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ट्रांसफार्मर को लेकर अनियमितता के आरोप

**चचाई उपकेंद्र क्षेत्र में किसानों को नहीं मिला लाभ**

**चचाई, नवभारत 1 फरवरी।** अनूपपुर संभाग के चचाई उपकेंद्र अंतर्गत ग्राम चिल्हारी में पम्प लाइन ट्रांसफार्मर स्थापना को लेकर गंभीर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बड़का तालाब के समीप जिस निर्धारित स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाया जाना था, उसे वहां न लगाकर कथित लेन-देन के माध्यम से कुछ लोगों ने अपने निजी खेत में लगवा लिया।ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर को मूल स्थल से लगभग चार पोल दूर स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे योजना का उद्देश्य ही प्रभावित हो गया। इस बदलाव के कारण वे गरीब और जरूरतमंद किसान, जिनके लिए यह पम्प लाइन सुविधा स्वीकृत की गई थी, आज भी पर्याप्त विद्युत आपूर्ति से वंचित हैं। वहीं कुछ चुनिंदा किसानों को इस ट्रांसफार्मर का सीधा लाभ मिल रहा है।



### निष्पक्ष जांच की मांग

प्रभावित किसानों का कहना है कि स्थान परिवर्तन के चलते उनके खेतों तक बिजली नहीं पहुंच पा रही है, जिससे सिंचाई कार्य बाधित हो रहा है। इससे खेती-किसानी पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। मामले को लेकर गांव में रोष और असंतोष का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग एवं प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**सियासी प्रतिक्रिया** | बजट को भाजपा ने सराहा, कांग्रेस ने बताया निराशाजनक और बेकाम

# आने वाले 10 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला बजट : जायसवाल

**अनूपपुर, नवभारत 1 फरवरी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट को लेकर जिले में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बजट को लोककल्याणकारी और समावेशी बताते हुए इसकी सराहना की है, वहीं कांग्रेस ने इसे निराशाजनक और बेकाम वाला बजट करार दिया है। मध्य प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास पर आधारित विकास का बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आने वाले 10 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। भाजपा नेताओं के अनुसार यह बजट युवा, महिला, किसान, व्यापारी और गरीब वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता देने वाला



ऐतिहासिक बजट है।

### भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत होगा : सांसद

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक जितेंद्र भट्ट के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों और प्रमुख स्थानों पर केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने सहभागिता की। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि भारत को वैश्विक पटल पर अग्रणी बनाने के लिए अमेरिका और चीन जैसे देशों के मुकाबले रणनीतिक क्षेत्रों पर फोकस जरूरी है। इस बजट में रियल एस्टेट, चिप मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और मजबूत होगा।

### निर्यात को मिलेगा प्रोत्साहन : सिंह

अनूपपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि दुनिया के कुछ गिने-चुने देशों के वर्चस्व वाले रणनीतिक उत्पादों पर बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने के लिए प्रस्तावित अलग मालगाड़ी कॉरिडोर की योजना को शानदार बताते हुए कहा कि इससे निर्यात को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। पूर्व विधायक एवं कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कहा कि बजट में युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। टैक्सपेयर्स को राहत देते हुए सजा के बजाय नाममात्र पेनल्टी का प्रावधान डरमुक्त टैक्स व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम है।

### बजट में किसी बड़े बदलाव का संकेत नहीं देता : रमेश सिंह

दूसरी ओर, कांग्रेस ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने बजट को निराशाजनक दिखावे और बेकाम वाला बताते हुए कहा कि भले ही बजट दस्तावेजों का विस्तृत अध्ययन अभी बाकी है, लेकिन बजट भाषण के 90 मिनट बाद ही यह स्पष्ट हो गया कि जिस माहौल और प्रचार के साथ बजट पेश किया गया, वह उस पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि यह बजट न तो कोई नई दिशा दिखाता है और न ही किसी बड़े बदलाव का संकेत देता है।